प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में दशवासियों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का किया आह्वान।
2. प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु का भी किया जिक्र : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न इसे होनहार युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने का बताया सशक्त मंच।
3. मुख्यमंत्री ने विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिये विशेष बोर्ड का गठन करने के दिये निर्देश। और
4. मथुरा सहित प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है राधाष्टमी का पर्व : देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिये की गई है विशेष व्यवस्था।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादो को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने कहा कि देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिये। बाइट.....

*आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, और भी ऐसा बहुत कुछ। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत', एक ही लक्ष्य 'विकसित भारत'।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहारों की खुशियों के बीच स्वच्छता पर ज़ोर देते रहना चाहिए क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना देश के विकास के लिए बहुत ज़रूरी है और इसमें खेलों को बड़ी भूमिका है। उन्होंने श्रीनगर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया जलक्रीड़ा उत्सव की चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉनसून के दौरान प्राकृतिक आपदाएं देश को कसौटी पर कस रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में देश ने बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कहर देखा है।

उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों और प्रशासन ने हरसंभव प्रयास किए हैं। बाइट.....

*जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया, वहाँ के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ–एसडीआरएफ के जवान, अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन–रात जुटे रहे। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, स्निफर डॉग्स और ड्रोन सर्विलांस, ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर*

*कोशिश की गई। मैं ऐसे हर नागरिक को ह्दय से धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने इस कठिन समय में मानवीयता को सबसे ऊपर रखा हुआ है।*

प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की चर्चा की।

बाइट.....

*'प्रतिभा सेतु' में उन उम्मीदवारों का डेटा रखा गया है, जिन्होंने यूपीएससी की अलग–अलग परीक्षाओं के सभी चरण पास किए, लेकिन, अंतिम मेरिट लिस्ट में उनका नाम नहीं आ पाया। इस पोर्टल से प्राइवेट कंपनियां इन होनहार स्टुडेंट्स की जानकारी लेकर उन्हें अपने यहां नियुक्ति दे सकती हैं। इस प्रयास के नतीजे भी आने लगे हैं। सैकड़ों उम्मीदवारों को इस पोर्टल की मदद से तुरंत नौकरी मिली है और वो युवा जो मामूली अंतर से रुक गए थे, अब नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। उन्होंने बिहार के मुजफ्फरपुर की के रतनपुरा गांव की रहने वाली देवकी देवी का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्हें अब सोलर दीदी के नाम से जाना जाता है।

प्रधानमंत्री न कहा कि रामायण और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम अब दुनिया के हर कोने में बढ़ रहा है। उन्होंने इटली में महर्षि वाल्मीकि और कनाडा में भगवान श्रीराम की प्रतिमाओं के अनावरण का उल्लेख किया।

*इस महीने की शुरुआत में कनाडा के मिसीसागा में प्रभु श्री राम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण किया गया है। इस आयोजन को लेकर लोगों में बहुत उत्साह था। सोशल मीडिया पर प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा के वीडियोज खूब शेअर किए गए। रामायण और भारतीय संस्कृति के प्रति ये प्रेम अब दुनिया के हर कोने में पहुंच रहा है।*

1947 मं हैदराबाद की घटनाओं के बारे में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की ऑडियो रिकार्डिंग साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि अगले महीने देश, हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाएगा और ऑपरेशन पोलो में भाग लेने वाले सभी वीरों के साहस का स्मरण करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। यह दिवस उन विश्वकर्मा बंधुओं को समर्पित है जो परंपरागत शिल्प, कौशल और ज्ञान–विज्ञान को अनवरत एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचा रहे हैं।

——————————

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आज प्रदेशभर में लोगों ने सुना और उसकी सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु का उल्लेख करने पर आभार जताते हुए कहा कि यह होनहार युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी पाने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सेतु आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की यात्रा में एक मील का पत्थर है। वहीं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर में खेल प्रतियोगिता का जिक्र कर युवाआं को खेल के प्रति जागरूक किया है। वहीं वाराणसी, जौनपुर, महोबा और एटा सहित विभिन्न जिलों में मन की बात में उठाये गये विभिन्न मुद्दों को प्रेरणादायक बताया।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार सभी घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में आयोजित  विमुक्त जाति दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार घूमंतु और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिये एक विशष बोर्ड का गठन करेगी। बाइट....

*जो जातियां सुविधाओं से वंचित हैं, उनके लिए जमीन के पट्टे मिले। उनके लिए मकान की सविधा हो। जैसे हम लोगों ने अन्य जातियों को आच्छादित करना प्रारंभ किया। सिचुएशन के लक्ष्य को प्राप्त किया है। ऐसे ही यहां पर प्रदेश में एक घुमंतू जातियों का बोर्ड बनाने की आवश्यकता है। उसको बनाने के साथ ही इन जातियों को जैसे शामली के अंदर हुआ है या बटांगिया का जो मॉडल हम लोगों ने बनाया है। हर हर प्रकार की सुविधाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो रहा है।*

मुख्यमंत्री ने समारोह में सरकारी सेवाओं में नए प्रतिमान स्थापित करने वाली विमुक्त समाज की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, असीम अरूण, नरेन्द्र कश्यप और संजीव गौड़ सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

——————————

लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र के बेहटा गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में आज सुबह हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए, जिसमें दो की हालत गंभीर है। घायलों को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

——————————

मथुरा सहित प्रदेश भर में आज राधाष्टमी का पर्व श्रद्धा आर उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बरसाना के श्री राधारानी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां सुबह चार बजे से ही लाड़ली जी के अभिषेक के साथ दर्शन और पूजन का सिलसिला जारी है। राधाष्टमी पर्व पर बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर की भव्य

सजावट की गयी है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये जगह–जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं, इसके साथ ही शासन–प्रशासन के द्वारा सभी जरूरी व्यवस्थाएं भी की गयी हैं। बाइट......

*उत्तर प्रदेश सरकार ने और हमारे साथ प्रशासन ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की है। सारी सुविधाएं है। सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत किसी भी श्रद्धालु को नहीं होगी। ये हमने प्रयास किया है।*

———————

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन पर आज मिर्जापुर, उन्नाव, महराजगंज और अम्बेडकरनगर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मिर्जापुर में साइकिल रैली का हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

———————

प्रदेश सरकार पहली सितंबर से नो हेलमेट नो फ्यूल विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाएगी। सभी जिलों में यह अभियान 30 सितंबर तक जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा।

(समाप्त)